**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
E-mail ID – cmobhilaicharoda@gmail.com, www.nagarnigambhilaicharoda.com, Phone No☎. 0788-2962380

# //कार्यवाही विवरण//

**स्थान** कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई–चरौदा, सभागार
**दिनांक** 03 जनवरी 2022, दिन – सोमवार
**समय** पूर्वान्ह 12:00 बजे

कलेक्टर दुर्ग की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (यथा संशोधित 2019) की धारा 18 के अन्तर्गत नगर पालिक निगम **महापौर तथा अध्यक्ष (Speaker)** का निर्वाचन तथा धारा 403 (4) के तहत **अपील समिति** के 4 सदस्यों के निर्वाचन हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई–चरौदा का प्रथम सम्मिलन दिनांक – 03.01.2022 को आयोजित किया गया। निगम के प्रथम सम्मिलन की कार्यवाही कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्धारित समय – दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ की गई जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

## निगम महापौर पद का नामनिर्देशन पत्र :–

नगर पालिक निगम, भिलाई–चरौदा के **महापौर** के पद के निर्वाचन हेतु निर्धारित समय में 11:00 बजे से 12:00 बजे तक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही की गई जिसमें निर्धारित समय 12:00 बजे तक 02 अभ्यर्थियों के 02 नामनिर्देशन पत्र प्राप्त हुए जो कि इस प्रकार है :–

| क्र. | अभ्यर्थी का नाम | प्रस्तावक का नाम | समर्थक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | निर्मल कोसरे | संतोष तिवारी | ईश्वर लाल साहू |
| 2 | नंदिनी जांगड़े | अपर्णा दास गुप्ता | तुलसीराम ध्रुव |

## निगम अध्यक्ष (Speaker) का नामनिर्देशन पत्र :–

नगर पालिक निगम, भिलाई–चरौदा के **निगम अध्यक्ष (Speaker)** के पद के निर्वाचन हेतु निर्धारित समय में 11:00 बजे से 12:00 बजे तक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही की गई जिसमें निर्धारित समय 12:00 बजे तक 02 अभ्यर्थियों के 02 नामनिर्देशन पत्र प्राप्त हुए जो कि इस प्रकार है :–

| क्र. | अभ्यर्थी का नाम | प्रस्तावक का नाम | समर्थक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कृष्णा चन्द्राकर | श्रीमती शारदा लावेश मदनकर | अभिषेक वर्मा (बड़ू) |
| 2 | चन्द्रप्रकाश पाण्डे | फिरोज़ फारूकी | रामखिलावन वर्मा |

**अपील समिति के सदस्यों का नामनिर्देशन पत्र :—**

नगर पालिक निगम, भिलाई—चरौदा के **अपील समिति के सदस्यों** के पद के निर्वाचन हेतु निर्धारित समय में 11:00 बजे से 12:00 बजे तक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही की गई जिसमें निर्धारित समय 12:00 बजे तक 08 अभ्यर्थियों के 08 नामनिर्देशन पत्र प्राप्त हुए जो कि इस प्रकार है :—

| **क्र.** | **अभ्यर्थी का नाम** | **प्रस्तावक का नाम** | **समर्थक का नाम** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | सुषमा कमलेश चन्द्राकर | रविन्द्र कुमार हरपाल | एम. जॉनी |
| 2 | ललित कुमार दुर्गा | टेनेन्द्र कुमार ठाकरे | मोहन लाल |
| 3 | भूपेन्द्र वर्मा | हेमन्त वर्मा (गुलमोहर) | मनीष वर्मा |
| 4 | कामता प्रसाद साहू | डे साहब वर्मा | मनोज कुमार |
| 5 | अपर्णादास गुप्ता | ललित कुमार यादव | प्रेमलता चन्द्राकर |
| 6 | तुलसीराम ध्रुव | संजय कुमार यादव | राकेश कुमार बंछोर |
| 7 | फिरोज़ फारूकी | नंदिनी जांगड़े | अपर्णादास गुप्ता |
| 8 | रामखिलावन वर्मा | तुलसी राम ध्रुव | चन्द्रप्रकाश पाण्डे |

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा **महापौर, निगम अध्यक्ष (Speaker) तथा अपील समिति के सदस्यों** के उपरोक्त प्राप्त नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा निर्धारित समय 12:00 बजे से 12:30 बजे तक की गई।

संवीक्षा उपरान्त **निगम महापौर पद** के लिये प्राप्त 02 नाम निर्देशन पत्र तथा **निगम अध्यक्ष (Speaker) पद** के लिये प्राप्त 02 नाम निर्देशन पत्र एवं **अपील समिति के चार सदस्यों** के लिये प्राप्त 08 नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। सभी नामनिर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये, अतः स्वीकार किए गए।

नामनिर्देशन पत्र वापसी के लिए अपरान्ह 01:00 बजे तक का समय [illegible]त किया गया था। इस अवधि में निगम महापौर, निगम अध्यक्ष (Speaker) तथा अपील स[illegible]ते के अभ्यर्थी नामनिर्देशन पत्र वापस लेने हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

इस प्रकार **महापौर पद** के चुनाव हेतु श्री निर्मल कोसरे एवं श्रीमती नंदिनी जांगड़े का नाम तथा **निगम अध्यक्ष (Speaker) पद** के चुनाव हेतु श्री कृष्णा चन्द्राकर एवं श्री चन्द्रप्रकाश पाण्डे तथा **अपील समिति के चार सदस्यों** के चुनाव हेतु श्रीमती सुषमा कमलेश चन्द्राकर, श्री ललित कुमार दुर्गा, श्री भूपेन्द्र वर्मा, श्री कामता प्रसाद साहू, श्रीमती अपर्णादास गुप्ता, श्री तुलसीराम ध्रुव, श्री फिरोज़ फारूकी एवं श्री रामखिलावन वर्मा का नाम शेष रहा, जिस बाबत् मतदान की प्रक्रिया निर्धारित की गई।

## निगम महापौर के निर्वाचन के लिए मतदान :–

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा **निगम महापौर** के निर्वाचन के लिए मतदान आवश्यक होने के कारण निगम महापौर के मतदान के लिए मतपेटी को उपस्थित पार्षदों को खोलकर दिखाया गया, पेटी सील किया गया तथा मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश पढ़कर सुनाया गया।

**निगम महापौर** पद हेतु मतदान निर्धारित समय **अपरान्ह 1:00 बजे** प्रारम्भ होकर मतदान की समस्त कार्यवाही **अपरान्ह 2:00 बजे** तक नियमानुसार सम्पन्न हुआ। मतदान में सभी 40 पार्षदों द्वारा मतदान किया गया।

**निगम महापौर** के मतपेटी का सील सभी अभ्यर्थी के समक्ष खोलकर सभी मतपत्र बाहर निकाला गया एवं नियमानुसार मतगणना का कार्य किया गया। **निगम महापौर** पद के निर्वाचन के लिए **कुल 40 मत** प्राप्त हुए। **श्रीमती नंदिनी जांगड़े** को कुल **16** मत तथा **श्री निर्मल कोसरे** को कुल **24** मत प्राप्त हुए। अविधिमान्य मतों की संख्या **निरंक** रहीं। इस प्रकार **श्री निर्मल कोसरे** दलीय सम्बध्दता **इंडियन नेशनल कांग्रेस** को **निगम महापौर** पद हेतु सम्यक रूपेण निर्वाचित घोषित किया गया।

## निगम अध्यक्ष (Speaker) के निर्वाचन के लिए मतदान :–

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा **निगम अध्यक्ष (Speaker)** के निर्वाचन के लिए मतदान आवश्यक होने के कारण **निगम अध्यक्ष (Speaker)** के मतदान के लिए मतपेटी को उपस्थित पार्षदों को खोलकर दिखाया गया, पेटी सील किया गया तथा मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश पढ़कर सुनाया गया।

**निगम अध्यक्ष (Speaker)** पद हेतु मतदान समय **अपरान्ह 01:00 बजे** प्रारंभ होकर मतदान की समस्त कार्यवाही **अपरान्ह 02:00 बजे** तक नियमानुसार सम्पन्न हुआ। मतदान में सभी **40** पार्षदों द्वारा मतदान किया गया।

**निगम अध्यक्ष (Speaker)** के मतपेटी का सील सभी अभ्यर्थी के समक्ष खोलकर सभी मतपत्र बाहर निकाला गया एवं नियमानुसार मतगणना का कार्य किया गया। **निगम अध्यक्ष (Speaker)** पद के निर्वाचन के लिए **कुल 40 मत** प्राप्त हुए। **श्री चन्द्रप्रकाश पाण्डे** को कुल **16** मत तथा **श्री कृष्णा चन्द्राकर** को कुल **24** मत प्राप्त हुए। अविधिमान्य मतों की संख्या **निरंक** रहीं। इस प्रकार **श्री कृष्णा चन्द्राकर** दलीय सम्बध्दता **इंडियन नेशनल कांग्रेस** को **निगम अध्यक्ष (Speaker)** पद हेतु सम्यक रूपेण निर्वाचित घोषित किया गया।

**अपील समिति के सदस्यों का नामनिर्देशन पत्र :–**

पीठासीन प्राधिकारी द्वारा **अपील समिति के 4 सदस्यों** के निर्वाचन के लिए मतदान आवश्यक होने के कारण **अपील समिति के 4 सदस्यों** के मतदान के लिए मतपेटी को उपस्थित पार्षदों को खोलकर दिखाया गया, पेटी सील किया गया तथा मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश पढ़कर सुनाया गया।

**अपील समिति के 4 सदस्यों** पद हेतु मतदान समय **अपरान्ह 02:15 बजे** प्रारंभ होकर मतदान की समस्त कार्यवाही **अपरान्ह 03:15 बजे** तक नियमानुसार सम्पन्न हुआ। मतदान में सभी **40** पार्षदों द्वारा मतदान किया गया।

**अपील समिति के 4 सदस्यों** के मतपेटी का सील सभी अभ्यर्थी के समक्ष खोलकर सभी मतपत्र बाहर निकाला गया एवं नियमानुसार मतगणना का कार्य किया गया। **अपील समिति के 4 सदस्यों** पद के निर्वाचन हेतु **1. श्रीमती सुषमा कमलेश चन्द्राकर**, दलीय सम्बध्दता **इंडियन नेशनल कांग्रेस**, **2. श्री ललित कुमार दुर्गा**, दलीय सम्बध्दता **इंडियन नेशनल कांग्रेस**, **3. श्री भूपेन्द्र वर्मा**, दलीय सम्बध्दता **निर्दलीय** एवं **4. श्री रामखिलावन वर्मा**, दलीय सम्बध्दता **भारतीय जनता पार्टी**, को नियतांश/नियतांश से अधिक मत प्राप्त होने के कारण **अपील समिति के 4 सदस्यों** पद हेतु सम्यक रूपेण निर्वाचित घोषित किया गया।

**उपरोक्त समस्त कार्यवाही अपरान्ह 04:00 बजे तक सम्पन्न हुई।**

| | |
|---|---|
| **सचिव** | 3/1/22 |
| **नगर पालिक निगम** | पीठासीन प्राधिकारी |
| **भिलाई–चरौदा** | **नगर पालिक निगम** |
| | **भिलाई–चरौदा** |